# मनरेगा श्रमिकों व ग्रामीणों ने पंचायत कार्यालय पर ताला जड़कर हंगामा किया

## ग्रामीणों के आक्रोश को देखकर ग्राम विकास अधिकारी को जान बचाकर भागना पड़ा



मांडलगढ़ के धामनिया गांव में पंचायत प्रशासन के खिलाफ मनरेगा महिला श्रमिकों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर धरना दिया।

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ पँचायत समिति के धामनिया गांव मे नरेगा महिला श्रमिकों ओर ग्रामीणों ने हंगामा कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पँचायत के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया तो ग्राम विकास अधिकारी पंचायत कार्यालय छोड़कर भाग गया।

धामनिया पंचायत के उप सरपंच भवानी शंकर शर्मा और वार्ड पंच मुकेश प्रजापत के नेतृत्व में नरेगा महिला श्रमिकों और ग्रामीणों ने पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन कर हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। वार्ड पंच मुकेश प्रजापत ने पंचायत कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। नरेगा की महिला श्रमिकों ने आरोप लगाया कि नरेगा मस्टरोल में उनका नाम नहीं लिखा जाता है। नरेगा सचिव द्वारा मस्टरोल में फर्जी श्रमिकों के नाम दर्ज कर अनियमितताएं की जा रही हैं। श्रमिकों ने मनरेगा योजना में रोजगार दिलाने की मांग की। ग्राम पंचायत पर कार्य कर रहे ग्राम विकास अधिकारी का घेराव कर ग्रामीणों ने गाली गलौच कर अभद्र व्यवहार किया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखकर ग्राम विकास अधिकारी को दफ्तर छोड़ भागना पड़ा।

■ **वार्ड पंच और नरेगा श्रमिकों ने मस्टरोल में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया**

उप सरपंच भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि चंबल पेयजल परियोजना में आज के दो वर्ष पूर्व सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी और अन्य व्यक्ति ने नल कनेक्शन के नाम पर प्रति उपभोक्ता दो हजार रुपए वसूल किए गए। राज्य सरकार द्वारा नल कनेक्शन नि:शुल्क होने के बाद उपभोक्ताओं को एकत्रित की गई लाखों की राशि का भुगतान ग्राम पंचायत ने आज तक नहीं किया है। उपभोक्ताओं को राशि लौटने की माँग की गई। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में पँचायत के विकास कार्य विगत चार वर्ष से ठप्प पड़े है।

सरपंच दाखी देवी ने बताया कि ठेकेदार ने ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य का बीएसआर दर से 21.50 प्रतिशत कम दर में टेंडर लिया और टेंडर की अमानत राशि नोटिस जारी होने के बाद भी जमा नहीं कराई है। जिससे ठेकेदार को वर्क ऑर्डर नहीं दिया गय तथा इस कारण से निर्माण के विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। मांडलगढ़ प्रधान जितेन्द्र मूंदड़ा ने बताया कि नरेगा सचिव सत्यनारायण जाट के खिलाफ शिकायत मिली हैं। नरेगा सचिव को धामनिया पँचायत से हटा दिया गया और श्रमिकों द्वारा की गई शिकायत की जांच की जा रही है।

धामनिया ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी बैजनाथ यादव ने बताया कि वार्ड पंच मुकेश प्रजापत ने पंचायत के मुख्य गेट पर ताला जड़ कर मेरे साथ दुर्व्यवहार किया और राजकार्य में बाधा पहुंचाई। ग्रामीणों के हंगामे और आक्रोश को देख कर मुझे जान बचा कर भागना पड़ा और मैं बस स्टैंड पर चला गया। वहां पर भी ग्रामीणों ने मेरे साथ गाली गलौच कर जातिगत अपमानित किया है। इस मामले में पुलिस कार्रवाई के लिए प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा व विकास अधिकारी भानुप्रताप सिंह से मार्गदर्शन मांगा हैं।

# छह माह की बच्ची पर स्ट्रीट डॉग ने हमला किया, मौत

## झूले में सो रही मासूम को बुरी तरह काट लिया, परिजनों ने छुड़वाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। छह महीने की मासूम बच्ची को स्ट्रीट डॉग ने अपना शिकार बनाया और बुरी तरह उसे नोच लिया। भीलवाड़ा हॉस्पिटल में बच्ची की सर्जरी होने के कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया। मामला भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा थाने के हाजियास गांव का है। यहां छह माह की मासूम चिंकी को एक स्ट्रीट डॉग ने बुरी तरह नोच लिया।

इस दौरान उसकी मां छोटी देवी नोहरे में गाय भैंसों को बांध रही थी और उसने पास में चुन्नी से झूला बनाकर मासूम को उसमे सुला रखा था। इसी बीच अचानक से वहां एक स्ट्रीट डॉग आया और उसने झूले में सो रही मासूम को बुरी तरह काट लिया जैसे ही मां ने अपनी मासूम बच्ची को कुत्ते से नोचते हुए देखा तो उसने कुत्ते को भगाने की कोशिश की लेकिन कुत्ता लगातार मासूम को नोचता रहा।

■ **गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर स्ट्रीट डॉग को पीट-पीट कर मार दिया**

इसी दौरान वहां हो हल्ला मचाने के बाद अन्य परिजन भी दौड़कर वहां आए और स्ट्रीट डॉग से मासूम को छुड़वाया और तुरंत उसे भीलवाड़ा हॉस्पिटल लेकर रवाना हुए। भीलवाड़ा ऑपरेशन थिएटर में बच्ची को ऑपरेट किया गया। डॉक्टर के मुताबिक डॉग ने बुरी तरह से बच्ची को नोच दिया था। उसका लेफ्ट साइड का जबड़ा हमले में बुरी तरह से डैमेज हुआ। सर्जरी के कुछ देर बाद ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। इधर बच्ची को स्ट्रीट डॉग द्वारा काटने के बाद ग़ुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर स्ट्रीट डॉग को पीट-पीट कर मार दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों में गुस्से और डर का माहौल है।

# चाइनीज मांझे से युवक गंभीर घायल

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर पतंग उड़ाने में उपयोग में लिया जाने वाला चाइनीज़ मांझा लोगों के लिए घातक हो रहा है। ऐसी एक घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति चायनीज मांझे में उलझ गया और जख्मी हो गया। ऑपरेशन के बाद अब उसकी हालत खतरे से बाहर है। मामला भीलवाड़ा के रामस्नेही हॉस्पिटल के बाहर का है।

■ **ऑपरेशन के बाद युवक की हालत अब खतरे से बाहर है**

बाइक सवार बड़लियास निवासी बाबूलाल पिता तेजमल खटीक बाइक से निकल रहा था। इसी दौरान वह चायनीज मांझे मजे की चपेट में आ गया जिससे उसका गला बुरी तरह कट गया। युवक को घायल अवस्था में उपचार के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। अत्यधिक खून बह जाने के चलते उसे ब्लड भी चढ़ाना पड़ा, डॉक्टर ने उसकी गर्दन पर लगे गंभीर घाव पर टांके ही लगाए हैं।

डॉक्टर का कहना है कि पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझे का उपयोग करना काफी घातक है। इसमें मैटेलिक पाउडर और कांच के टुकड़े मिलकर इस धागे को धार देने की कोशिश की जाती है। यह इलेक्ट्रिक कंडक्टर का भी काम करता है जिससे मरीज की गर्दन में अगर गहरा कट लग जाए तो उसकी वेसल कट जाती है, जिससे मरीज की जान भी जा सकती है। फिलहाल युवक की हालत ख़तरे से बाहर बताई गई है।

# भांजी के साथ दुष्कर्म करने वाला मामा गिरफ्तार

**बीकानेर,** (निसं)। छत्तरगढ़ पुलिस थानान्तर्गत एक सात साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी मामा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने सात साल की बच्ची के साथ दो बार रेप किया। बच्ची को गंभीर हालत में लेकर निजी अस्पताल पहुंचा और वहां उसे भर्ती कराने के बाद फरार हो गया। देर रात पुलिस ने आरोपी को धर लिया है। वह सैकेंड ग्रेड सरकारी शिक्षक है। आज उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और रिमांड पर लिया जाएगा।

■ **आरोपी सैकेंड ग्रेड सरकारी शिक्षक है, कोर्ट में पेश किया जाएगा**

पुलिस ने बताया कि सात साल की बच्ची अस्पताल में भर्ती है। बच्ची के पर्चा बयान कल रात हुए हैं। वह इतनी डरी हुई है कि मां का आंचल तक नहीं छोड़ रही है। पुलिस ने बताया कि बच्ची अपनी मां के साथ अपने ननिहाल, बीकानेर जिले में आई थी। इस दौरान उसका मामा, जो कि दूसरे घर में रह रहा था। वह उसे अपने साथ अपने घर ले गया। बच्ची संक्राति के त्योंहार पर अपने ननिहाल आई थी। कल शाम उसकी मामी घर से किसी काम से चली गई। इस दौरान मामा ने कल रात अपनी भांजी के साथ रेप किया। भांजी ने विरोध किया तो उसे पीटा और फिर से रेप किया।

# होटल संचालक पर हमले के चार आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। रायपुर थाना क्षेत्र के आसपुर गांव में 10 जनवरी की आधी रात को फायरिंग करते हुये होटल संचालक पर तलवारों से हमला करने के आरोप में चार आरोपितों को भीलवाड़ा से गिरफ्तार कर लिया गया है।

रायपुर पुलिस ने बताया कि आसपुर निवासी मदन लाल सुवालका आसपुर में ही ढाणी रेस्टोरेंट नॉनवेज होटल चलाता है। 10 जनवरी की मध्य रात्रि को कमलेश व मुकेश पुत्र जमना लाल सुवालका, मनीष जाट व अन्य 6 व्यक्ति कीया और सेंट्रों गाड़ियों से होटल पर आये। इन लोगों ने पिस्टल से 4-5 फायर किये। इसके बाद मदन लाल के साथ गाली-गलौच और मारपीट कर तलवार, स्टिकों व धारधार हथियारों से हमला किया। हमले में मदन लाल के सिर और शरीर पर गम्भीर चोटें आई। ये आरोपित, पीड़ित मदन को गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गये। पुलिस ने मदन के भाई चांदमल की रिपोर्ट पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

मामले की जांच करते हुये रायपुर थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत ने बताया कि पकड़े गये आरोपितों में पुर रोड, आवरी माता मंदिर के पीछे रहने वाला कमलेश पुत्र जमनालाल सुवालका, मुकेश पुत्र जमनालाल सुवालका, कैलाशपुरी, गुरलां निवासी रतनलाल पुत्र स्व। मदनलाल सुवालका और शिवाजी नगर कावांखेड़ा निवासी रतेश पुत्र लादूलाल सेन शामिल हैं। पुलिस आरोपितों को अदालत में पेश कर हथियार बरामदगी और केस में अनुसंधान के लिए पुलिस कस्टडी में लेगी। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपितों की तलाश की जा रही है, जिन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

# अपहरण करने वाले गिरफ्तार

**बीकानेर,** (निसं)। नयाशहर पुलिस थाना क्षेत्र में बीते माह फिरौती वसूली के लिये एक नाबालिग का अपहरण कर उसके परिवार वालों से डेढ़ लाख रूपये की फिरौती मांगने के बहुचर्चित मामले में पुलिस ने दो आरोपियों इन्द्रजीत उर्फ विराट शर्मा पुत्र मुन्नीराम और विष्णु पुरोहित उर्फ आरडी पुत्र शिवशंकर पुरोहित को गिरफ्तार कर लिया है। थानाप्रभारी के अनुसार, गत तीन दिसम्बर को चौदह साल के एक नाबालिग को इन्द्रजीत उर्फ विराट शर्मा और उसका साथी विष्णु पुरोहित उर्फ आरडी अपनी स्कूटी पर बैठाकर एक कैफे में ले गये। इसके बाद दोनों आरोपियों ने एक गाड़ी मौके पर बुलाई जिसमें एक युवती भी सवार थी। दोनों आरोपी और उनके साथ शामिल युवक मेरे नाबालिग लड़के को गाड़ी में डालकर ले गये और कॉल के जरिये मुझे धमकी देकर 1 लाख 40 हजार रूपये की फिरौती मांगी।

# पूर्व महाराजा गजसिंह को ''भारत कीर्तिमान अलंकरण'' से सम्मानित किया

## राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए अतुलनीय योगदान एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिये सम्मानित किया

**जोधपुर,** (निसं)। युनाईटेड किंगडम (लंदन) के वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा पूर्व महाराजा गजसिंह को विरासत संरक्षण, संवर्धन, सुरक्षा, संस्कृति, जल संरक्षण, पर्यटन विकास, सामाजिक सरोकार एवं विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए अतुलनीय योगदान एवं उल्लेखनीय कार्यों के उपलक्ष्य में ''भारत कीर्तिमान अलंकरण'' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष शुक्ला द्वारा प्रदान किया गया।

मेहरानगढ़ म्यूज़ियम ट्रस्ट के महाप्रबन्धक जगत सिंह राठौड़ ने बताया कि आज राजमाता कृष्णाकुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल राईकाबाग के बदन रंगशाला सभागार में सायं चार बजे से आयोजित कार्यक्रम में पूर्व महाराजा गजसिंह को ''भारत कीर्तिमान अलंकरण'' सम्मान से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार भारत और विदेश की उन हस्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने समाज की बेहतरी के लिए अतुलनीय सेवाओं का योगदान दिया है। गजसिंह का गत 5 दशकों से अधिक समय से विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

उन्होंने बताया कि इसी समारोह में पुरस्कार के साथ ही कई कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें मेहरानगढ़ म्यूज़ियम ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेण्डर 2024 का लोकार्पण गजसिंह द्वारा किया गया। यह वर्ष महाराजा हनवन्तसिंहजी के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसलिए इस वर्ष महाराजा हनवन्तसिंहजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर सुन्दर जानकारी एवं रंगीन चित्रों से सुसज्जित 39 पृष्ठीय कैलेण्डर का प्रकाशन किया गया। तत्पश्चात् ब्रिगेडियर शक्ति सिंह द्वारा लिखित पुस्तक ''महाराजा ऑफ जोधपुर; मिशन ऑफ सर्विस अकम्पलीशड'' का लोकार्पण गजसिंह द्वारा किया गया। लगभग 500 पृष्ठों में लिखित इस पुस्तक में गजसिंह द्वारा वीरनी, राजमाता स्कूल व अन्य सामाजिक सरोकारों के कार्य जो ब्रिगेडियर शक्ति सिंहजी के नेतृत्व में हुए उनकी विस्तृत जानकारी इस पुस्तक में प्रकाशित की गई है। 90 वर्षीय वयोवृद्ध ब्रिगेडियर शक्ति सिंह द्वारा बहुत ही मेहनत, लगन और समर्पण से इस पुस्तक का लेखन किया गया है। यह पुस्तक महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र, मेहरानगढ़ म्यूज़ियम ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित की गई है।



गजसिंह को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष शुक्ला ने पुरस्कार दिया।

इसी समारोह में मेहरानगढ़ म्यूज़ियम ट्रस्ट द्वारा प्रस्तुत और अभिमन्यु कानोडिया द्वारा निर्देशित डॉक्यूमेण्ट्री फिल्म ''म्हैं थांसूं दूर नहीं''-लेगेसी ऑफ महाराजा हनवन्तसिंह' की स्क्रीनिंग हुई। इस फिल्म में महाराजा हनवन्तसिंहजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ ही कई अनछुए पहलूओं और ऐतिहासिक घटनाओं पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया। इस डॉक्युमेण्ट्री फिल्म के प्रोडक्शन हेड मयूर चौपासनी स्कूल के प्रिंसीपल शरद तिवारी है।

इस फिल्म के निर्माण में मयूर चौपासनी स्कूल का मुख्य सहयोग रहा। इस डाक्युमेण्ट्री फिल्म की प्रोडक्शन टीम में कार्यकारी प्रोड्युसर अनुराधा एल भाटिया, स्क्रीनप्ले अभिमन्यू कानोडिया, एडिटर वैभव सोनी, डीओपी मितेश परवतनैनी व आयुष भारदिक शाह है तथा आवाज असद रजा खान की है। फिल्म की स्क्रीनिंग के पश्चात प्रोडक्शन टीम व मयूर चौपासनी स्कूल के स्टाफ को गजसिंह द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान किये गये। इस अवसर पर राजपरिवार के सदस्यों के साथ ही राजमाता स्कूल विद्यालय प्रबंधकण, उम्मेद भवन व मेहरानगढ़ म्यूज़ियम ट्रस्ट के प्रबंधक व जोधपुर शहर के विद्वजन, इतिहासकार, साहित्यकार, समाजसेवी, व्यवसायी सहित कई जने उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कल्पना चाम्पावत ने किया।

# त्रिनेत्र गणेश मार्ग पर टी-107 बाघिन सुल्ताना नजर आई

## दहशत के कारण श्रद्धालुओं के रोंगटे खड़े हो गए



बाघिन टी-107 सुल्ताना करीब पांच मिनट तक भैंरुजी के चबूतरे पर खड़ी रही।

**बौंली/बामनवास,** (निसं)। सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के सुप्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेशजी मंदिर मार्ग पर सोमवार को सुबह करीब नौ बजे बाघिन टी-107 सुल्ताना अचानक भेंरुजी के चबूतरे के पास आकर खड़ी हो गई जिससे त्रिनेत्र मंदिर में दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं में डर एवं दहशत के कारण रोंगटे खड़े हो गए।

इस दौरान बाघिन सुल्ताना का मूड भी आक्रमक नजर आया एवं श्रद्धालुओं द्वारा उसका वीडियो बनाने व फोटो लेने पर वह गुर्राती नजर आई। इस दौरान बाघिन टी-107 सुल्ताना करीब पांच मिनट तक भेंरुजी के चबूतरे पर खड़ी रही, फिर वह जंगल की ओर चली गई। यह नजारा श्रद्धालुओं ने करीब 15 मिनट तक अपनी आंखों से देखा वैसे तो सुप्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश मंदिर नेशनल टाइगर रिजर्व के पास है। इस कारण यहां अनेको बार वन्य प्राणियों का मूवमेंट बना रहता है एवं यहां से विभिन्न वन्य प्राणियों को आराम से देखा जा सकता है।

# वाहन की टक्कर से पैंथर मरा



भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता हंसिका गुर्जर ने पैंथर के शव की जानकारी वन विभाग व पुलिस दी।

**बौंली/ बामनवास,** (निसं)। लालसोट-कोटा मेगा हाईवे पर रविवार रात्रि को गांव दुब्बी बनास नदी के पास एक पैंथर को सड़क मार्ग पार करते समय किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे पैंथर की सड़क मार्ग पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वाहन चालक पैंथर को टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया।

इसी समय भरतपुर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता हंसिका गुर्जर सड़क मार्ग से गुजर रही थी भीड़ व पैंथर के शव को देखकर हंसिका गुर्जर ने अपने वाहन को रोका एवं पैंथर के शव को भगवा वस्त्र से ढककर वन विभाग व पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मय पुलिस बल के मौके पर पहुंची। सोमवार को पैंथर के शव का राजबाग नाका सवाई माधोपुर में पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। अब तक मात्र दो वर्ष में चार पैंथरों की मौत विभिन्न दुर्घटनाओं में हो चुकी है। वन विभाग को वन्य प्राणियों की अकाल मौत रोकने के प्रयास करने चाहिए।

# मृत मादा पैंथर का दाह संस्कार किया



पशुपालन विभाग की टीम ने पैंथर के शव का दाह संस्कार किया।

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। सवाई माधोपुर से लालसोट मेगा हाईवे पर ग्राम दुब्बी बनास के पास मादा पेंथर की जानकारी 14 जनवरी को मिलने पर मृत मादा पैंथर को आलनपुर के नर्सरी कैम्पस में लाकर संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग सवाई माधोपुर के की टीम डॉ. राजीव गर्ग, डॉ. ओमप्रकाश वर्मा एवं डॉ. सी.पी. मीना द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। उप वन संरक्षक श्रवण कुमार रेड्डी ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान सीआई परमेन्द्र शर्मा, एनजीओं रणथम्भौर सेंचुरी संस्था, सहायक वनपाल ताराचन्द, शिवराज गुर्जर, वनरक्षक राजेन्द्र चौधरी व समस्त स्टाफ के समक्ष मादा पैंथर का आलनपुर नर्सरी कैम्पस में नियमानुसार उत्तम दाह संस्कार किया गया।